Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 22-03-2005

Participants : Gandhi Shri Pradeep

>

Title: Need to provide BSNL's mobile phone connections to all the wait listed applicants in Chhattisgarh.

श्री प्रदीप गांधी (राजनंदगांव) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ में विशो रूप से दूर-संचार निगम द्वारा जो मोबाइल सेवा उपलब्ध कराई गई है, उसकी वेटिंग लिस्ट इतनी अधिक है कि काफी मात्रा में लोगों को यह सेवा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव जो जिला मुख्यालय है और उसके अतिरिक्त जो तहसील मुख्यालय डोंगरगांव और नक्सली प्रभावित क्षेत्र चौकीमोहलामानपुर है, वहां पर भी शीघ्रता के साथ मोबाइल धारकों को मोबाइल सेवा उपलब्ध कराई VÉÉA[R21]।

इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा तय जिस समय सीमा में आर्डर दिया जाना चाहिए था, वह प्रोति नहीं किया गया है जिसके चलते मशीनों की सप्लाई नहीं हो पाई है। इसके कारण दूरसंचार विभाग के अधिकारियों द्वारा जो कार्यक्रम बनाया गया है, उसका निर्धारित समय सीमा में क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। अतः मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि जिन मशीनों के लिए आर्डर दिया गया था, उन्हें शीघ्र छत्तीसगढ़ में भेजा जाए ताकि चालीस से पचास हजार लोग जो कनेक्शन लेने की लाइन में हैं, उनको शीघ्र मोबाइल कनेक्शन उपलब्ध हो सके।